06.03.2026 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रसायन मुक्त खेती को सुदृढ़ करने के साथ निर्यात पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया।
- कोटा–बूंदी ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे का शिलान्यास कल – लगभग एक हजार 5 सौ करोड़ रूपये से अधिक की लागत से विकसित होगा एयर पोर्ट।
- राज्य में खाद बिक्री में अनियमितता करने वाले 13 सौ से ज्यादा विक्रैताओं पर कार्रवाई।
- यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा 2025– का अंतिम परिणाम घोषित– चित्तौढगड जिले के डॉ. अनुज अग्नीहोत्री ने पहला स्थान प्राप्त किया।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और दीर्घकालिक विकास यात्रा का महत्वपूर्ण स्तंभ है। कृषि और ग्रामीण परिवर्तन विषय पर बजट उपरांत वेबिनार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए नियमित रूप से कई कदम उठाएं हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने रसायन मुक्त खेती और प्राकृतिक खेती को सुदृढ़ करने के साथ निर्यात पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट 2026–27 में उच्च मूल्य कृषि उत्पाद पर भी विशेष ध्यान दिया गया है।

000

राज्य के हाड़ौती क्षेत्र में हवाई सेवाओं के विस्तार के लिए कल कोटा–बूंदी ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे का शिलान्यास किया जाएगा। शंभूपुरा में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। लगभग एक हजार 5 सौ 7 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस हवाई अड्डे में 20 हजार वर्गमीटर का टर्मिनल भवन और 3 हजार 2 सौ मीटर लंबा रनवे विकसित किया जाएगा। इससे ए–321 श्रेणी के विमानों का संचालन संभव हो सकेगा। इस परियोजना से कोटा के कोचिंग संस्थानों और पर्यटन क्षेत्र को हवाई कनेक्टिविटी का लाभ मिलेगा।
इसी कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र की दो पेयजल योजनाओं, नौनेरा वृहद पेयजल परियोजना और परवन–अकावद वृहद पेयजल परियोजना का भी भूमि पूजन किया जाएगा।

000

राज्य विधानसभा की कार्यवाही अब दस मार्च तक जारी रहेगी। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की अध्यक्षता में हुई कार्य सलाहकार समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक के अनुसार, कल और परसों सदन की बैठक नहीं होगी। आगामी नौ मार्च को राजस्थान पंचायतीराज संशोधन विधेयक और राजस्थान आयुर्वेद और योग चिकित्सा विश्वविद्यालय विधेयक पर चर्चा कर उन्हें पारित किया जाएगा। पंचायतीराज संशोधन विधेयक में पंचायत चुनावों के लिए दो बच्चों की बाध्यता समाप्त करने का प्रावधान प्रस्तावित है। इसी तरह, दस मार्च को राजस्थान नगरपालिका संशोधन विधेयक और महाराणा प्रताप खेलकूद विश्वविद्यालय विधेयक सदन में चर्चा के बाद पारित किए जाएंगे। नगरपालिका संशोधन विधेयक में भी निकाय चुनावों के लिए दो बच्चों की अनिवार्यता खत्म करने का प्रस्ताव शामिल है।

000

कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने आज विधानसभा में बताया कि उर्वरकों के साथ किसानों को अन्य उत्पाद जबरन बेचने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। उन्होंने प्रश्नकाल के दौरान जानकारी दी कि विभाग ने प्रदेश में ग्यारह हजार नौ सौ अड़तीस निरीक्षण किए हैं।

इस दौरान उर्वरकों के अठारह हजार तीन सौ उन्नीस नमूने लिए गए। मंत्री ने बताया कि अनियमितताओं के कारण सात सौ पैंसठ फर्मों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। तीन सौ इक्यासी फर्मों की बिक्री पर रोक लगाई गई है और एक सौ उनहत्तर विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित या निरस्त किए गए हैं। डॉ. मीणा ने कहा कि उर्वरकों की कालाबाजारी और तस्करी रोकने के लिए राज्य तथा जिला स्तर पर टास्क फोर्स और निगरानी समितियां बनाई गई हैं। उन्होंने बताया कि सीमावर्ती जिलों में पुलिस के सहयोग से चैक पोस्ट स्थापित किए जाएंगे। इसके साथ ही मंत्री ने सदन में रबी सीजन के दौरान डी–ए–पी की उपलब्धता का जिलावार विवरण भी प्रस्तुत किया।

000

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने आज विधानसभा में घोषणा की कि नागौर के डेगाना क्षेत्र में स्कूलों के लिए दरी–पट्टी खरीद में हुई कथित गड़बड़ी की जांच करवाई जाएगी। उन्होंने जांच पूरी होने तक डेगाना के तत्कालीन ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को निलंबित करने के निर्देश भी दिए। सदन में भाजपा विधायक अजय सिंह किलक द्वारा उठाए गए सवाल के जवाब में श्री दिलावर ने स्वीकार किया कि विधायक कोष से हुई इस खरीद में अनियमितताएं हुई हैं। उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड के अनुसार बड़ी संख्या में दरियां खरीदी गईं, लेकिन वे विद्यालयों में मौजूद नहीं हैं।

विधायक किलक ने आरोप लगाया था कि पिछली सरकार के समय स्कूलों में जबरन दरियां भिजवाई गईं और विरोध करने वाले संस्था प्रधानों का स्थानांतरण कर दिया गया।

000

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ का भारत के औद्योगिक विकास में बड़ा योगदान है। ओडिशा में कटक के मुंडुली में सीआईएसएफ के 57वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि यह बल देश भर में प्रमुख औद्योगिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

000

आपदा राहत मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने आज जयपुर में नागरिक सुरक्षा विभाग की आधिकारिक वेबसाइट का शुभारंभ किया। यह वेबसाइट विभाग की सेवाओं, स्वयंसेवकों और आमजन के बीच समन्वय का कार्य करेगी। पोर्टल पर विभाग की योजनाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और पंजीकृत स्वयंसेवकों का विवरण उपलब्ध रहेगा। इसके साथ ही विभिन्न आपदाओं जैसे बाढ़, लू, भूकंप और अग्नि दुर्घटनाओं के समय अपनाई जाने वाली सावधानियों की जानकारी भी दी गई है। वेबसाइट पर आपातकालीन नंबर, जिलावार संपर्क सूची और अधिकारियों के विवरण भी उपलब्ध कराए गए हैं। डॉ. किरोड़ी लाल ने कहा कि विभाग की अपनी वेबसाइट होने से अब सूचनाएं एक ही स्थान पर मिल सकेंगी। इस अवसर पर आपदा प्रबंधन राज्य मंत्री ओटाराम देवासी और विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

000

संघ लोक सेवा आयोग–यू–पी–एस–सी ने सिविल सेवा परीक्षा–2025 का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। इस परीक्षा में चित्तौड़गढ़ जिले के रावतभाटा के रहने वाले डॉ. अनुज अग्निहोत्री ने देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया है। डॉ. अनुज ने यह सफलता अपने तीसरे प्रयास में हासिल की है। इससे पहले वर्ष 2023 में उन्होंने पहले प्रयास में ही यह परीक्षा उत्तीर्ण की थी, जिसके बाद उन्हें दिल्ली में एस–डी–एम के पद पर नियुक्ति मिली थी। डॉ. अनुज ने वर्ष 2023 में जोधपुर एम्स से एम–बी–बी–एस की पढ़ाई पूरी की है। डॉ. अनुज की इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सोशल पोस्ट के जरिये उन्हें बधाई दी।

000

जयपुर के कॉन्स्टीटयूशन क्लब में आज राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित इस स्पर्धा में प्रदेश के सभी जिलों से दो सौ पांच युवाओं ने भाग लिया। खेल और युवा मामले विभाग के सचिव नीरज के. पवन ने इस मौके पर बताया कि विकसित भारत संकल्प के तहत यह कार्यक्रम पहले राज्य के सभी इकतालीस जिलों में आयोजित किया गया था।

000

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने आज जैसलमेर के डेडानसर मैदान में तीन दिवसीय चादर महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर धर्मसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जैन दर्शन के अनुसार ईश्वर तक पहुँचने के अनेक मार्ग हैं और श्रद्धा के साथ चलने पर लक्ष्य की प्राप्ति अवश्य होती है। महोत्सव के शुभारंभ से पहले उन्होंने जैसलमेर किले में दादा जिनदत्त सूरी की पवित्र चादर के दर्शन किए। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद और विद्या भारती सहित कई संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए।

000

पाली जिले में अवांछित बच्चों की सुरक्षा और उनके संरक्षण के लिए राजकीय बांगड़ अस्पताल और सोजत–सुमेरपुर मार्ग पर स्थित किशोर संरक्षण गृह में पालना गृह संचालित किए जा रहे हैं। बाल अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक डॉ. टीना अरोड़ा ने आमजन से अपील की है कि वे बच्चों को असुरक्षित स्थानों पर छोड़ने के बजाय इन पालना गृहों में लाकर दें। उन्होंने बताया कि इन केंद्रों में आने वाले बच्चों को देश के विभिन्न राज्यों के साथ–साथ विदेशों में भी गोद दिया गया है। इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य बच्चों को सुरक्षित वातावरण और भविष्य प्रदान करना है।

000

जयपुर के भट्टा बस्ती थाना क्षेत्र में आज दोपहर एक मस्जिद की दीवार गिरने से उन्नीस लोग घायल हो गए। यह हादसा फिरदौस मस्जिद में नमाज के दौरान हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर बचाव कार्य शुरू किया और मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला। सभी घायलों को सवाई मानसिंह और कांवटिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सवाई मानसिंह अस्पताल में उपचाराधीन ग्यारह लोगों में से तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस के अनुसार घटना के समय मस्जिद परिसर में लगभग एक हजार लोग मौजूद थे।

000